# NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

नार्थ सेन्ट्रल रेलवे इम्पलाईज संघ

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)


No: 230/NCRES/19 Date: 26.08.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः– वैगन मरम्मत कारखाना, झांसी, पावर हाउस एवं सी.एम.एल.आर वर्कशाप झांसी से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु।

महोदय,

वैगन मरम्मत कारखाना, झांसी, पावर हाउस एवं CMLR वर्कशाप झांसी से सम्बन्धित समस्याओं का ज्ञापन/मांगपत्र पूर्व में "संघ" के प्रतिनिधियों द्वारा CME और PCME को सौपा गया था, किन्तु अभी तक कोई कार्यवाही न हो पाने के कारण कर्मचारियों में बहुत असंतोष है, कृपया निम्न समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित कार्यवाही की जाय।

(1) कारखाना झांसी में सहायक कार्मिक अधिकारी के रिक्त पद को शीघ्र भरा जाय जिससे कर्मचारियों के कार्यों का निष्पादन समय पर सम्भव हो सके।

(2) SBF से कर्मचारियों के बच्चों को मिलने वाली छात्रवृत्ति का भुगतान विगत दो वर्षों से नही किया गया है। भुगतान हेतु आवश्यक बजट शीघ्र उपलब्ध कराया जाय।

(3) कारखाना/पावर हाउस/CMLR में रिक्तियां काफी समय से है सभी संवर्गो के रिक्त पदों को शीघ्र भरा जाय।

(4) अनुकम्पा आधार पर होने वाली नियुक्तियों में आश्रित योग्य बच्चों को लिपिक संवर्गों में भर्ती पर लगी रोक हटायी जाय जिससे लिपिकों के रिक्त पद भरे जा सके।

(5) सिथौली वर्कशाप से वैकल्पिक स्थानान्तरण के आधार पर स्थानान्तरित होकर CMLR वर्कशाप झांसी में कार्यरत कई कर्मचारियों को वर्ष 2017–18 की PLB राशि का भुगतान अभी तक नही हो पाया है, सिथौली वर्कशाप से PLB की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया।

(6) CMLR वर्कशाप में रिस्ट्रक्चरिंग लागू न होने के कारण कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। रिस्ट्रक्चरिंग शीघ्र लागू किया जाय जिससे कर्मचारियों की पदोन्नति हो सके।

कृपया उपरोक्त समस्याओं पर शीघ्र कार्यवाही के लिये उचित आदेश करें ताकि कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष को दूर किया जा सके और कृत कार्यवाही से NCRES को भी अवगत कराने का कष्ट करे।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री